



## एक नजर में

### गणपम वास्कले विजयी

**बिस्टान नि प्र ।** नर्मदा उदवहन सिंचाई परियोजना का चुनाव भगवानपुरा में 18 सितंबर गुरुवार को संपन्न हुआ। कुल 48 सदस्यीय में 4 केंद्र में चार अध्यक्ष बने केंद्र क्रमांक 13 से गणपत वास्कले ने जीत दर्ज की अपने निकटम प्रतिनिधि ओम प्रकाश तिवारी को 7मतो से पराजित किया कुल 12सदस्यीय किसानों ने चुनाव में भाग लेकर मतदान किया वरिष्ठ कांग्रेस नेता की जीत पर विधायक केदार डावर,देवनारायण ठाकुर ,गंगाराम सोलंकी ,यसवंत जायसवाल ,सहित किसानों ने ईस्ठ जनो शुभ चिंतकों और वरिष्ट जनो ने बधाई दी

### 10 पिस्टल खरीदकर लौट रहा राजस्थान का तस्कर गिरफ्तार, सप्लायर को तलाश रही बैडिया़ पुलिस




**खरगोन।** जिले में अवैध हथियार खरीदी-बिक्री के साथ ही निर्माण पर रोक लगाने के लिए पुलिस की मुस्तैदी बावजूद अवैध हथियार खरीद-फरोख्त के मामले तेजी से बढ़ रहे है। इसका खुलासा बैडिया़ पुलिस की कार्रवाई से भी हुआ है, जहां पुलिस ने अवैध हथियार खरीदकर लौट रहे राजस्थान के एक तस्कर को गिरफ्तार कर किया है। कार्रवाई में आरोपी से 10 पिस्टल बरामद की गई है अब पुलिस तस्कर को हथियार सप्लाय करने वाले की तलाश में जुटी है। शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बैडिया़ थाना पुलिस ने ग्राम डाबी में खरगोन रोड पर पैदल .पैदल जा रहे संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित पिता गिराज निवासी ग्राम धनवां जिला कोटा राजस्थान का होना बताया। रोहित के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमें 10 नग देशी पिस्टल मिले। रोहित की रिमांड लेकर यह अवैध हथियार किस नियत से खरीदे, किससे खरीदे और कब से खरीदे जा रहे थे, इसकी पूछताछ की जा रही है।

### पिकअप से मुक्त कराए 9 गौवंश, चालक फरार



**खरगोन।** पिकअप वाहन में गौवंश के हो रहे अवैध परिवहन मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहन में क्रुरतापूर्वक भरे गए गौवंश को मुक्त कराते हुए प्रकरण दर्ज किया है। बिस्टान थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बन्हेर तिराहे पर नाकाबंदी कर निगरानी रखी गई। यहां से पिकअप वाहन क्रमांक एमपी09 जीएफ 6326 को आते देख पुलिस ने रोकने का ईशारा किया। पुलिस टीम को देख वाहन चालक नाकाबंदी तोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, पुलिस को पीछा करते देख वह वाहन छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें क्रुरतापूर्वक 09 गौवंश भरे पाए गए। वाहन को जब्त कर थाने लाया गया। यहां प्रकरण दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है।

### जेआईटी बोरावा में विद्यार्थियों ने सीखे प्लेसमेंट के गुर



**खरगोन।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बोरावां में प्लेसमेंट इंटरव्यू की तैयारी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन आईआईएम उदयपुर से एमबीए एवं वर्तमान में मुंबई की निजी कंपनी बतौर मैनेजर सेवाएं दे रहे राहुल ठाकुर ने किया। ठाकुर आईआईएम उदयपुर में अध्ययन के दौरान प्लेसमेंट प्रिपरेशन कमेटी के सक्रिय सदस्य भी रहे। उन्होंने छात्रों को प्लेसमेंट इंटरव्यू की बारीकियों से अवगत कराया। प्रथम दिवस ग्रुप डिस्कशन स्कील की विस्तृत जानकारी देते हु बताया कि कंपनियां ग्ररुप डिस्कशन के माध्यम से सही उम्मीद्वार का चयन करती हैं और इसके बाद शॉर्ट लिस्टेड छात्रों का पर्सनल इंटरव्यू लेकर अंतिम चयन किया जाता हैं। कार्यशाला के दौरान छात्रों से विभिन्न प्रश्न पूछे गए कि कंपनियाँ एक उम्मीदवार से क्या अपेक्षा रखती हैं और किस प्रकार कंपनी व कर्मचारी दोनों का समान लाभ हो सकता है। द्वितीय दिवस ठाकुर ने अपने व्याख्यान में इंटरव्यू स्किल्स पर विशेष चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभव से तैयार की गई 30 प्रश्नों की विशेष प्रश्नावली साझा की, जिससे छात्र भविष्य के प्लेसमेंट इंटरव्यू की बेहतर तैयारी कर सकें। दोनों दिनों में छात्रों को बार .बार ग्ररुप डिस्कशन व इंटरव्यू का अभ्यास कराया गया। दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ . निशांत दुबे ने श्री ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मार्गदर्शन से विद्यार्थी इंटरव्यू प्रक्रिया को आत्मविश्वास के साथ फेस करें सकेंगे और सफल कॅरियर की ओर अग्रसर होंगे। पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरुण यादव ने अपने संदेश में कार्यशाला में सम्मिलित विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**खरगोन।** खरगोन जिले में उत्सव और आयोजन के दौरान लाउडस्पीकर, डीजे बैंड, प्रेशर हॉर्न और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में जिला कलेक्टर और दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163( 1)( 2) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिले में रात 10 :00 बजे से सुबह 6 :00 बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण नियम) नियम 2000 के द्वारा निर्धारित शेड्यूल अनुसार निर्धारित ध्वनि का स्तर मानक सीमा से बाहर प्रतिबंधित रहेगा। सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से मध्यम आकार के अधिकतम दो डीजे व लाउडस्पीकर की अनुमति दी जा सकेगी, इसलिए डीजे और लाउडस्पीकर किराए पर देने वाले जिले के समस्त वेंडर को सूचित किया जाता है कि किसी भी आयोजन हेतु दो से अधिक मध्यम आकार के डीजे और लाउडस्पीकर किराए पर नहीं दिए जाएंगे। आदेश में प्रेशर हॉर्न के भंडारण और विक्रय को भी प्रतिबंधित किया गया है।

यह प्रतिबंधात्मक आदेश सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय हरित अधिकरण और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी विभिन्न निर्देशों के पालन में जारी किया गया है। जनसामान्य को अवगत कराने के लिए उक्त आदेश को मुनादी, चस्पदगी या अन्य माध्यम से प्रचारित करने के लिए स्थानीय निकायों, पंचायतों और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। प्रतिबंधात्मक आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।

# डेंटल से लेकर कैंसर तक की हुए जांचे, 8946 मरीज लाभांवित

## बमनाला में लगा आदि कर्मयोगी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

**खरगोन। आदि सेवा पर्व के अंतर्गत बमनाला की सांदीपनि स्कूल में शानिवार का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शासन की यह पहल उन ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही है, जहाँ आर्थिक रूप से कमजोर परिवार उपचार के अभाव में परेशान रहते थे। शिविर में संभाग स्तर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दी। जिसमें डेंटल से लेकर कैंसर तक की जांच किए जाने के साथ ही नि:शुल्क परामर्श और दवाईयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में 8946 मरीजों ने पंजीयन कराया।**



शिविर में ग्राम कालभरड़ के 1 वर्षीय बालक चन्दन पिता प्रकाश जाधव जो जन्म से ही सुनने और बोलने में असमर्थ है, उसे मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना के तहत कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए चिन्हित करते हुए 6.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। कुष्ठ रोग के जीएलआर संतोष सिंह एवं कुष्ठ रोग सहायक आरएस भदौरिया ने बताया कि कैंप में कुष्ठ रोगियों की जांच के साथ ही नियमित जल.तेल उपचार अपनाने की सलाह दी गई।

कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार को समर्पित है। जहां डेंटल से लेकर कैंसर तक की जांच की जा रही है। शिविर में ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जाएगा जिनके दिल में छेद या होंठ फटे हैं। ऐसी बच्चों को नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु इंदौर भेजा जाएगा। इस दौरान भीकनगांव विधायक श्रीमती झुमा सोलंकी ने कहा की साल में ऐसे दो स्वास्थ्य शिविर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होना चाहिए, ताकि लोग स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर रूप से लाभ ले सके।

कलेक्टर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिला का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सोनोग्राफी जांच कक्ष का निरीक्षण किया। महिलाओं को मिल रही स्वास्थ्य जांच की जानकारी ली। दवाई वितरण काउंटर एवं पंजीयन काउंटर का भी निरीक्षण कर वयवस्थाओं का जायजा लिया।

#### इन बीमारियों का दिया परामर्श

शिविर में जनरल मेडिसिन, चर्म रोग, स्वास्थ्य रोग, न्यूरो सर्जरी, जनरल सर्जरी, मूत्र रोग, किडनी रोग, पीडियाट्रिक सर्जरी, हड्डी रोग, फिजियोथैरेपी, नेत्र रोग, नाक-कान- गला रोग, ऑडियोमेट्री जांच, शिशु रोग, मनोरोग, महिला रोग, कार्डियो, दंत रोग, कैंसर रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों का परीक्षण कर परामर्श दिया। इस दौरान रक्तदान यूनिट, जांच दिव्यांग, आयुष विभाग, सोनोग्राफी, इसीजी जांच, इको, पैथोलॉजी जांच की व्यवस्था भी रही।




## यातायात नियम उल्लंघन पर बागोद पुलिस की सख्त कार्रवाई

### 30 चालान बनाकर 14,800 का वसूला समन शुल्क

**बागोद।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर खुद के साथ दूसरों की जान जोमिख में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अब पुलिस सख्त रुख अपनाने लगी है। आमजन को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने के लिए पुलिस चौकी बागोद ने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया।

चौकी प्रभारी हरिशंकर पांटेल ने बताया कि एसपी रविंद्र वर्मा, एएसपी शकुंतला रूहल के मार्गदर्शन में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है, तेज गति, ओवरलोडिंग और गलत दिशा में वाहन न चलाएं,वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। शराब या नशे की हालत में वाहन न चलाएं, जैसे यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने पर 30 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 14 हजार 800 का समन शुल्क वसूला गया।

### जिले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक संदेशों के प्रसारण पर प्रतिबंध

**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले की सांप्रदायिक संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए जिले की राजस्व सीमा में धार्मिक आयोजनों के अवसर पर उन्मादी संदेशों के प्रदर्शन और प्रसारण तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक संदेशों के प्रसारण के संबंध में जिला कलेक्टर और दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

विभिन्न नागरिक और धार्मिक समुदाय के संगठनों को सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों के आयोजन की पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। इन कार्यक्रमों के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ नारे, पोस्टर, बैनर, आदि का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शन एवं प्रसारण किया जाना प्रतिबंधित है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे कोई आपत्तिजनक पोस्ट नहीं किए जाने का आदेश है जिससे धार्मिक भावनाएं भड़के या किसी समुदाय विशेष की भावना आहत हो।




## सनावद में नवरात्रि और दशहरे के लिए शांति समिति की बैठक

### सुरक्षा और व्यवस्था के सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** आगामी धार्मिक उत्सव नवरात्रि और दशहरे के मद्देनजर सनावद थाना परिसर में शुक्रवार शाम 5:30 बजे शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पंडाल संचालकों को सुरक्षा, सीसीटीवी, विद्युत आपूर्ति और सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रुहल के निर्देशन में हुई, जिसमें एसडीएम सत्यनारायण दलू, एसडीओपी अर्चना रावत और तहसीलदार केशव सोलंकी मौजूद रहे। थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर ने बताया कि सभी गरबा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और निगरानी व्यवस्था अनिवार्य होगी। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए गए।

पंडाल संचालकों और माता भक्तों को रात्रि गरबा आयोजनों में सावधानी के साथ-साथ आस्था का भी ध्यान रखने की सलाह दी गई। विद्युत सेवाओं, आपूर्ति और शिकायतों के लिए अमित ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि साफ-सफाई व्यवस्था के लिए दरोगा हारून बेग को नियुक्त किया गया।

बैठक में पुलिस बल, शांति समिति के सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की, ताकि नवरात्रि और दशहरा उत्सव सकुशल और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो सकें।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने मोटर व्हीकल एक्ट की दी जानकारी

### जिला न्यायालय में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अखिलेश जोशी ने जिला न्यायालय के सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में पक्षकारों को मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि बिना लाइसेंस और बिना बीमा के वाहन दूसरों को चलाने के लिए देने वाले को भी जुर्माना देना पड़ेगा ।ट्रैक्टर ट्रॉली के बैक लाइट और रेडियम पट्टी लगाना जरूरी है आम तौर पर बिना




बेक लाइट और बिना रेडियम पट्टी के ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना का कारण बनती हैं ।किसान अपने ट्रैक्टर पर सवारी नहीं बिठाए अगर इसे के दुर्घटना होती है तो उसमें होने वाली क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी नहीं देगी ।जिला न्यायाधीश श्री दीपक चौधरी ने कहा कि विद्युत मीटर में छेड़छाड़ करना हेकड़ी लगाकर बिजली चोरी करना दंडनीय अपराध है इससे बचना चाहिए ।आपने मध्यस्थता और अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी ।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन ने विधिक सेवा की जानकारी दी ।संचालन असिस्टेंट निशा कौशल ने किया ।जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने आभार माना।



## सनावद में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कर्मचारी संघ की बैठक संजय अवस्थी का स्वागत

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) द्वारा भोपाल में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल में पदस्थ विधि अधिकारी, संघ के कार्यकारिणी सदस्य और प्रांतीय मंत्री आदरणीय श्री संजय अवस्थी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव पंडित दिनेश मोहरे द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य संदीप बर्वे ने उपस्थित सभी लोगों को आशीर्वाद प्रदान किया।

बैठक में राज्य कर्मचारी संघ और आंगनवाड़ी संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कल्याण से संबंधित अपनी विभिन्न मांगें प्रस्तुत कीं, जिनके समाधान के लिए प्रांतीय नेतृत्व द्वारा आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। भारतीय मजदूर संघ ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल श्रमिक हितों को बल्कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों को भी बढ़ावा दिया। संगठन अपनी स्थापना (1955, भोपाल) से ही राष्ट्रहित, उद्योग हित और मजदूर हित को प्राथमिकता देता रहा है।

आयोजन में खरगोन जिला भारतीय मजदूर संघ से संजय शर्मा, रंजना पटेल, रश्मि पाटीदार और अनीता व्यास सहित कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री अवस्थी के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों को और सशक्त करने का संकल्प लिया। यह बैठक कर्मचारी एकता और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को दर्शाती है।

## नवरात्रि पर्व व दशहरे को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित

**गोगावां, निप्र।** शनिवार जनपद पंचायत सभा हाल में आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व को देखते हुए भीकनगांव एसडीओपी राकेश आर्य व तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर ने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । अधिकारियों से बताया कि नवरात्रि का पर्व हिन्दू सनातनी धर्म का पवित्र पर्व है इसी को ध्यान में रखते हुए बजरंगपुर मार्ग से जगदम्बा माता के मंदिर जाने के लिए प्रतिदिन महिलाएं पुरुष बच्चे हजारो की तादात में मंदिर दर्शन लाभ लेने पहुँचते है



इन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि यह मार्ग भीड़भाड़ वाला होने से यहां नवरात्रि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे, वही यहां के मार्ग पर लगी मुर्गी मांस की दुकानो को तत्काल प्रभाव से हटाकर इन दुकानों को स्थाई रूप से भुचड़खाने में लगाई जाने की भी मांग की गई वही साफ सफाई के लिए ग्राम पंचायत को आदेशीत किया जाय वही प्रकाश व्यवस्था को देखते हुए विधुत वितरण केन्द्र प्रभारी जेई मुकेश कुमार डावर से नगर में पर्व के चलते विधुत कार्य व्यवस्था सुचारू बनी रहे जिससे कि प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहै बैठक में बताया कि सनातन धर्म के नवरात्रि पर्व को देखते हुए नवरात्रि पर्व पर सभी समस्याओं का हल त्वरित रूप से करने की बात प्रशासनिक अधिकारियो से कही गई वही पर्वो को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने सदभाव से पर्व मनाने की बात कही। बैठक में थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्रसिंह राणा, सचिव हेमंत तवर पटवारी दिलेन्द्र साँवले सूचना संकलन के आशीष सांवले व प्रबुद्ध नागरिक भी मौजूद थे।

**एक नजर में** | **अक्षर साथियों ने 7785 असाक्षरों को शिक्षकों के मार्गदर्शन में मूल्यांकन में सम्मिलित कराया**

## लाड़ली बहने अब हस्ताक्षर करके विड्रॉल फार्म भरकर निकालेगी प्रोत्साहन राशि

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** शनिवार को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के साथ साथ जनपदशिक्षा केंद्र कसरावद अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 15 जनशिक्षा केंद्र की 371 स्कूलों में 592 अक्षर साथियों ने 7785 असाक्षरों को शिक्षको के मार्गदर्शन में मूल्यांकन में सम्मिलित कराया।

शिक्षिका भगवती बागदरे, राधेश्याम वर्मा व समाजसेवी गणेश खेड़े ने बताया मँगती



बाई,उम्र 55,संतोष बाई 52 वर्ष,अंजना भूरेलाल 45 वर्ष ने बताया कि हमारा लाडली बहाना का पैसा आता था अंगूठा लगाकर निकालते थे ।अब हस्ताक्षर करके अपने खाते से राशी निकालेंगे।

भारत सरकार की उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का लाभ मिला। वी आर सी राजाराम कंदोड़े और साक्षरता प्रभारी अजय कर्मा ने बताया किऐसे व्यक्ति जो पूर्व में शिक्षित है किन्तु उनके पास किसी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण-प्रत्र न हो ऐसे व्यक्ति को प्रमाणीकरण हेतु इस परीक्षा में शामिल किया जा सकता है। पूर्व परीक्षाओं में जिन परीक्षार्थी के परीक्षा परिणाम में सुधार की आबश्यकता है। उन्हें मूल्यांकन परीक्षा में शामिल कराया गया।

इस कार्य मे जनशिक्षक संतोष एस्के,सचिन नाड़ीवाल, प्रेमलाल बागदरे, देव हतागले , रूपेश कानूनगो ,राजेंश गंगाले, अमित दुबे सहित सभी जनशिक्षकों ने परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण किया और डेटा संकलन किया।

#### नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का लाभ मिला

बी ए सी परमानंद पठौते, मुकेश यादव, नरेंद्र पाटीदार, कमलेश पाटीदार, ने बताया कि। यह शिक्षार्थी सर्वे के द्वारा चिन्हांकित किया गया हो तथा अक्षर साथियों के द्वारा नामांकन किया जाकर राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा आईपीसीएल पद्धति से तैयार की गई उवास अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कार्य किया हो। पूर्व के नवसाक्षर साक्षरता अभियान के अन्तर्गत संचालित कक्षाओं में वे शिक्षार्थी जिन्होंने प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन मेंसफलता अर्जित की हो किंतु प्रमाणीकरण नहीं किया जा सका हो, वे इस मूल्यांकन में शामिल हुये।